नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी १९३४ से
01101/13/0009/2526




# रेललिंक से जुड़ी कश्मीर घाटी

**42** साल का रेल सपना अब हुआ पूरा | **359** मीटर की ऊंचाई पर बना पुल | **1315** मीटर लंबा बना पुल | **43,780** करोड़ रुपये की लागत | **272** किमी लंबी दूरी पर 36 सुरंगें और 943 पुल

- दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेल पुल परिचालन शुरू
- भूकंप और तूफान का नहीं पड़ेगा कोई असर



**कटरा, 06 जून. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेल पुल का उद्घाटन किया. प्रधानमंत्री के साथ रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी मौजूद थे. यह नदी से 359 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे का अर्द्ध चंद्राकार पुल है.**

यह उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है. यह पुल 1315 मीटर लंबा है. स्टील अर्द्ध चंद्राकार पुल पर भूकंप और तूफान का कोई असर नहीं पड़े, इस तरह से बनाया गया है. पुल पर ट्रेन की आवाजाही शुरू होने पर जम्मू और श्रीनगर के बीच सफर आसान हो जाएगा. पुल पर चलने वाली वंदे भारत ट्रेन के माध्यम से कटरा और श्रीनगर के बीच यात्रा करने में महज 3 घंटे लगेंगे, जिससे मौजूदा यात्रा समय दो से 3 घंटे कम हो जाएगा. यानि उनकी सात घंटे की सड़क मार्ग की यात्रा अब 3 घंटे में पूरी होगी। कटरा और श्रीनगर के बीच चलने वाली दो वंदेभारत ट्रेनों को एक साथ हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया. श्रीनगर और श्री वैष्णो देवी कटरा के बीच का सभी शुल्कों सहित किराया चेयर कार श्रेणी में 715 रुपए और एग्जीक्यूटिव क्लास में 1320 रुपए निर्धारित किया गया है।

## 46 हजार करोड़ से मुख्य धारा में आएगा जम्मू-कश्मीर : मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में 46 हजार करोड़ रुपये के निवेश से विकास की नयी परियोजनायें चलाने का फैसला किया गया है, जिससे इस केंद्र शासित प्रदेश के विकास की गति को नयी दिशा मिलेगी. मोदी ने कहा, माता वैष्णो देवी के आशीर्वाद से वादी-ए-कश्मीर भारत के रेल नेटवर्क से जुड़ गयी है. प्रधानमंत्री ने अब्दुल्ला के इस वक्तव्य का उल्लेख किया कि वह जब आठवीं कक्षा में पढ़ते थे, तब से उन्हें श्रीनगर रेल लाइन का इंतजार था. उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में कई पीढ़ियां इस रेल लाइन के इंतजार में गुजर गयीं. यह हमारी सरकार का सौभाग्य है कि इस परियोजना ने हमारे कार्यकाल में गति पकड़ी और हमने इसे पूरा करके दिखाया.

### सभी मौसम में निर्बाध रेल संपर्क चालू रहेगा

जम्मू और श्रीनगर के बीच 272 किलोमीटर लंबी यूएसबीआरएल परियोजना लगभग 43,780 करोड़ रुपये की लागत से बनायी गयी है, और इस दूरी को तय करने के दौरान 36 सुरंगें और 943 पुल आते हैं. यह परियोजना कश्मीर घाटी और देश के बाकी हिस्सों के बीच सभी मौसमों में निर्बाध रेल संपर्क स्थापित करती है.

### 1983 का सपना पूरा

जम्मू -कश्मीर को रेलमार्ग से जोड़ने का सपना तो महाराजा हरि सिंह ने आजादी से पहले देखा था। उन्होंने अंग्रेजों के सहयोग से जम्मू-कश्मीर तक नैरो गेज टॉय ट्रेन चलाने के लिए सर्वेक्षण कराए थे. इस सपने पर वर्ष 1983 में काम शुरू हुआ था। पीएम इंदिरा गांधी ने जम्मू से ऊधमपुर तक 53 किलोमीटर के रेलमार्ग की आधारशिला रखी थी।

## नीट-पीजी परीक्षा 3 अगस्त को एक ही पाली में होगी

**नयी दिल्ली, 06 जून.** उच्चतम न्यायालय ने नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन (एनबीई) को मेडिकल के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 15 जून को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी) 2025, 3 अगस्त को एक ही पाली में आयोजित करने की शुक्रवार को अनुमति दी. न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने एनबीई की याचिका पर यह आदेश पारित किया. इससे पहले 30 मई को न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने अदिति और अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था एनबीई को 15 जून को पूर्व निर्धारित दो की बजाय एक ही पाली में आयोजित कराने का निर्देश दिया था. अदालत ने यह भी कहा था कि जरूरत पड़ने पर एनबीई परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने की अनुमति के लिए गुहार लगा सकती है.

## एक नजर में



### रिजिजू ने वक्फ संबंधित उम्मीद पोर्टल लॉन्च किया

**नयी दिल्ली.** केंद्रीय अल्पसंख्यक मामले एवं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने केंद्रीय पोर्टल 'उम्मीद' का शुभारंभ करने के बाद शुक्रवार को कहा कि यह वक्फ संपत्ति प्रबंधन तथा प्रशासन के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेगा. श्री रिजिजू ने कहा कि इससे न केवल पारदर्शिता आएगी बल्कि आम मुसलमानों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों को भी मदद मिलेगी. यह पोर्टल अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा करने और समुदाय के स्वामित्व वाली वक्फ संपत्तियों का प्रभावी और निष्पक्ष उपयोग सुनिश्चित करने के लिए सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रतीक है.

### दंतेवाड़ा में सात नक्सलियों का समर्पण

**दंतेवाड़ा.** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में शुक्रवार को 7 नक्सलियों ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया. आत्मसमर्पण करने वालों में दो नक्सलियों पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था. आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को पुनर्वास नीति के तहत 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाएगी. सरकार से कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण, कृषि भूमि जैसी अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी.

### जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने कनाडा जाएंगे . कनाडा के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने पीएम मोदी को फोन कर इस महत्वपूर्ण वैश्विक सम्मेलन में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण दिया है . इस बात की जानकारी खुद प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की . पीएम मोदी ने अपने पोस्ट में मार्क कार्नी को प्रधानमंत्री बनने की बधाई दी और भारत-कनाडा संबंधों को नए सिरे से मजबूत करने की उम्मीद जताई . उन्होंने लिखा, लोगों के बीच गहरे संबंधों से बंधे जीवंत लोकतंत्रों के रूप में, भारत और कनाडा आपसी सम्मान और साझा हितों द्वारा निर्देशित नए जोश के साथ मिलकर काम करेंगे .

## प्रणब-अरुण से मांगी थी मदद

### विजय का दावा : एयरलाइंस के पतन की वजह वित्तीय संकट था

**नई दिल्ली, 6 जून. भगोड़े कारोबारी विजय माल्या ने बैंक धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग पर लंबे समय बाद चुप्पी तोड़ी है. एक पॉडकास्ट में माल्या ने बताया कि किंगफिशर एयरलाइंस के पतन की वजह 2008 का वैश्विक वित्तीय संकट था.**

उन्होंने दावा किया कि एयरलाइन को बचाने के लिए उन्होंने तत्कालीन वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी से मुलाकात की थी, लेकिन उनकी अपील खारिज कर दी गई. माल्या ने कहा कि वह एयरलाइन का आकार घटाना और कर्मचारियों की छंटनी करना चाहते थे, लेकिन प्रणब मुखर्जी ने मना कर दिया और बैंकों से समर्थन दिलाने का आश्वासन दिया. माल्या ने अरुण जेटली का भी जिक्र करते हुए कहा कि 2016 में जेनेवा मीटिंग से पहले उन्होंने जेटली को जानकारी दी थी, इसके बावजूद एयरलाइन आर्थिक संकट में डूबती चली गई और उड़ानें बंद करनी पड़ीं.

## यूपी में 17 श्रद्धालुओं की डूबकर मौत

**लखनऊ.** कानपुर में एक मासूम बच्ची गंगा में डूबने लगी. उसे बचाने के प्रयास में दो युवक भी जल में समा गए. गोताखोरों की मदद से तीनों को बाहर निकाला गया लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. गंगा दशहरा के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश में इस पर्व पर कई परिवारों की खुशियां मातम में बदल गईं. प्रदेश भर में गंगा, यमुना और गोमती नदी में स्नान करने के दौरान कम से कम 17 लोगों की डूबकर मौत हो गई.

## बेंगलुरु भगदड़ मामले में फंसे कोहली

- सामाजिक कार्यकर्ता ने विराट के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत
- हादसे के लिए आरसीबी और केएससीए जिम्मेदार



**बंगलूरू, 6 जून. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ( आरसीबी ) और भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली भी बंगलूरू भगदड़ मामले में फंसते दिखाई दे रहे हैं. सामाजिक कार्यकर्ता एच.एम वेंकटेश ने कोहली को हादसे का जिम्मेदार ठहराते हुए उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है.**

आरसीबी ने मंगलवार को पंजाब किंग्स को हराकर आईपीएल 2025 का खिताब जीता था. यह इस फ्रेंचाइजी का पहला आईपीएल खिताब था जिसके बाद बंगलूरू में जश्न मनाने का फैसला किया गया था. पुलिस सूत्रों ने बताया कि सामाजिक कार्यकर्ता वेंकटेश की शिकायत पर फिलहाल कोहली के खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है. वेंकटेश ने कोहली को आरसीबी की खिताबी जीत के दौरान मची भगदड़ के लिए जिम्मेदार ठहराया है.

बंगलूरू भगदड़ हादसे के पीड़ित सी वेणु ने कब्बन पार्क पुलिस थाने में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु फ्रेंचाइजी, कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ प्रशासनिक समिति और डीएनए इंटरटेंमेंट लिमिटेड के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरसीबी ने पंजाब किंग्स को हराकर आईपीएल 2025 का खिताब जीता था। यह इस फ्रेंचाइजी का पहला आईपीएल खिताब था। कर्नाटक पुलिस ने गुरुवार को आरसीबी, इवेंट मैनेजमेंट फर्म डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड और केएससीए के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी।

**कार्रवाई** | ईडी ने मीठी नदी घोटाला में मुंबई के कई ठिकानों पर ली तलाशी

## गाद निकालने में करोड़ों का घोटाला

**मुंबई 06 जून. प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) ने मुंबई मीठी नदी घोटाले के सिलसिले में शुक्रवार को आर्थिक नगरी मुंबई में कई स्थानों पर तलाशी ली. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि नदी की सफाई परियोजना से संबंधित कथित वित्तीय अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की जांच कर रहे ईडी के अधिकारी आज बृहन्मुंबई नगर निगम के अधिकारियों और परियोजना का हिस्सा रहे ठेकेदारों के आवास और कार्यालयों में पहुंचे.**



मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है और वह कुछ अनियमितताओं और नगर निकाय को हुए वित्तीय नुकसान की जांच कर रही है. पिछले सप्ताह एसआईटी ने बॉलीवुड अभिनेता डिनो मोरिया और उनके भाई सैंटिनो मोरिया से मुंबई की करोड़ों रुपये की मीठी नदी की गाद निकालने की परियोजना से जुड़ी एक फर्म से उनके संभावित संबंधों और वोडार इंडिया लिमिटेड के गिरफ्तार आरोपी केतन कदम के साथ करीबी संबंधों के बारे में पूछताछ की थी.

एसआईटी ने घोटाले के सिलसिले में ठेकेदारों और नगर निगम के अधिकारियों सहित 13 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. गिरफ्तार आरोपियों में से एक कन्या स्पेशलिटीज प्राइवेट लिमिटेड के जय जोशी को गुरुवार को सत्र न्यायालय ने जमानत दे दी. इससे पहले स्थानीय अदालत ने जय जोशी की जमानत याचिका खारिज कर दी थी. आरोपी जोशी ने एक मशीन की आपूर्ति की थी.

